**शिक्षा निदेशालय , राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न पत्र**

**(सत्र :2024-25)**

**कक्षा – V**

**विषय - हिन्दी**

**समय: 2 घंटे** **पूर्णांक – 50**

**सामान्य निर्देश**:

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं।**

**भाग-1 : पठन (10 अंक)**

**भाग-2 : लेखन (10 अंक)**

**भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)**

**भाग-4 : पाठ्य-पुस्तक (20 अंक)**

## भाग-1 : पठन (10 अंक)

**1.** क्रिकेट एक घर के बाहर खेला जाने वाला खेल है जिसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं। ये एक बड़े खुले मैदान में बल्ले और बॉल के इस्तेमाल से खेला जाता है। ये दो टीमों के मध्य खेला जाता है जिसमें **11-11** खिलाड़ी होते है। दोनों टीमों में से एक टीम गेंदबाज और दूसरी टीम बल्लेबाज कहलाती है। बल्लेबाज का विकेट लेने के लिये गेंदबाज गेंद को बल्ले से दूर फेंकने का प्रयास करता है। एक बल्लेबाज़ तब तक बल्लेबाज़ी करता है जब तक वो कोई गलती करके आउट न हो जाए। जो कोई भी टीम बैटिंग शुरु करती है वो तब तक बैटिंग करती है जब तक कि उसके **10** बल्लेबाज़ आउट न हो जाए या **6** बॉल के ओवर के निश्चित संख्या पूरी न हो जाए। **(5)**

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए।

क) क्रिकेट कहां खेला जाता है?

**i.** मैदान में

**ii.** घर के अंदर

**iii.** रसोई घर में

**iv.** शौचालय में

ख) क्रिकेट में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं**?**

i.15
ii.13
iii.21
iv.11

ग) क्रिकेट किस से खेला जाता है**?**

**i.** बल्ले और बॉल से

**ii.** हॉकी और बॉल से

**iii.** बॉल और रैकेट से

**iv.** फुटबॉल और बल्ले से

घ) जो बल्ले से गेंद को मरता है उसे

**i.** गेंदबाज कहते हैं।

**ii.**जोकर कहते हैं।

**iii.**उसे आउट कहते हैं।

**iv.**उसे बल्लेबाज कहते हैं।

ड़) ऊपर दी गई पंक्तियों में से वह शब्द चुनिए जिसका अर्थ **कोशिश** है।

**i.** निश्चित

**ii.** मध्य

**iii.** प्रयास

**iv.** संख्या

**2.**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए। **(5)**

राष्ट्रीय त्योहार उसे कहते हैं जिसे पूरा देश मिलकर मनाता है। हमारे देश में तीन राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं: स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त), गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और गांधी जयंती (2 अक्टूबर)। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था इसलिए हमारे लिए यह बहुत ही खास दिन होता है। झांसी की रानी, भगत सिंह और सरोजिनी नायडू इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को हमारा देश आज भी याद करता है। सारा भारत स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस दिन भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले पर भारत के प्रधानमंत्री झंडा फहराते हैं और पूरे देश को अपना संदेश देते हैं। इस दिन सभी जगहों पर अलग-अलग तरह के कार्यक्रम होते हैं। विद्यालयों में भी बच्चों द्वारा विशेष प्रोग्राम प्रस्तुत किए जाते हैं। इस दिन सरकारी छुट्टी होती है। कुछ लोग इस दिन पतंग भी उड़ाते हैं।

क) राष्ट्रीय त्योहार किसे कहते हैं?

i. जिसे पूरा राज्य मनाता है।

ii. जिसे पूरी गली मनाती है।

iii. जिसे पूरा राष्ट्र मनाता है।

iv. जिसे पूरा गांव मनाता है।

ख) नीचे लिखे त्योहारों में से कौन सा त्योहार राष्ट्रीय त्योहार **नहीं** है?

i. स्वतंत्रता दिवस

ii. गणतंत्र दिवस

iii. होली

iv. गांधी जयंती

ग)हमारा देश कब आज़ाद हुआ था?

i.15 अगस्त 1976

ii.15 अगस्त 1947

iii.26 जनवरी 1950

iv.15 अगस्त 1948

घ) उपरोक्त पंक्तियों में से **<u>आजादी</u>** शब्द का समानार्थी शब्द पहचानिए -

**i.** कार्यक्रम

**ii.** प्रोग्राम

**iii.** स्वतंत्रता

**iv.** राष्ट्रीय

ड़) **<u>विशेष</u>** शब्द का पर्यायवाची है -

**i.** खुश

**ii.** खास

**iii.** लोग

**iv.** दिन

## भाग-2 : लेखन (10 अंक)

**3.** आपके विद्यालय में पानी की टंकी की सफ़ाई होनी है। आप अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या को पानी की टंकी की सफ़ाई हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। **(5)**

सेवा में,

____________________

____________________

____________________

विषय:________________________________________________

धन्यवाद,

____________________

**अथवा**

अपने पसंदीदा त्योहार के बारे में आपको क्या क्या अच्छा लगता है व आप उस त्योहार को कैसे मनाते हैं? पांच से छह वाक्यों में लिखिए।

**4.** नीचे दी गई कहानी को आगे बढ़ाइए। अपना उत्तर कम से कम पांच वाक्यों में दीजिए। **(5)**

एक बार एक राजा की एक बहुत ही प्यारी बेटी थी। वह हमेशा हंसती रहती थी। ___________________

**अथवा**

दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और इसके बारे में पांच वाक्य लिखिए।



______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)**

**5.** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2)**

क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताते हुए वाक्य बनाइए।

**i.** जंगल - _________

______________________________

______________________________

**ii.** कहानी - __________

______________________________

______________________________

ख) निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा भेदों के आधार पर छांट कर लिखिए। **(2)**

स्वामीनाथन खुशी राजम मिठास

**i.** व्यक्तिवाचक संज्ञा - ___________ , _______

**ii.** भाववाचक संज्ञा- ____________ , _______

ग) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। **(2)**

**i.** गल्लुक - ________

**ii.** समूदर - ________

घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। **(2)**

**i.** मुंह में पानी आना - __________________

________________________________________

**ii.** चुल्लू भर पानी में डूबना - ______________

____________________________________________________________________________________

ड़) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग करके वाक्यों को पुनः लिखिए। **(2)**

**i.** मकर संक्रांति खुशियों का **<u>त्योहार</u>** है।

____________________________________________________________________________________

ii. **<u>जंगल</u>** में साल के घने वृक्ष हैं।

____________________________________________________________________________________

**भाग-4 : पाठ्यपुस्तक (20 अंक)**

**6.** निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3x2=6)**

क) जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगाते हैं?

____________________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________________

ख) इला की काशीदकारी में खास बात क्या थी?

____________________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________________

ग) मैडल से चूड़ियां बनवा लेने पर दादी ने बुआ को क्यों डांटा?

______________________________________________

______________________________________________

**7.** निम्न शब्दों में से उचित शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए। **(4)**

भाप, सब कुछ, घरों, वर्षा

**(i)** समुद्र से उठी ________ बादल बनकर पानी में बदल जाती है।

**(ii)** पानी की पाइप में लगा मोटर कई ________ का पानी खींच लेता है।

**(iii)** बाढ़ के दौरान कुछ दिनों के लिए ________ थम जाता है।

**(iv)** ___________ रुपयों से कई गुना कीमती है।

**8.** नीचे दी गई वर्ग पहेली में देश के विभिन्न राज्यों मैं मनाए जाने वाले फसलों के त्योहारों के नाम दिए गए हैं। उन्हें ढूंढ कर उन पर गोला लगाइए और उनके नाम उनके राज्य के सामने लिखिए। **( 3 )**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बी | हू | पों | ग | औं |
| सं | क्रां | ग | त | बी |
| ह | स | ल | र | हु |
| ड़ी | बी | ओ | ण | म |
| लो | क | ड़ी | हु | पों |

**i.** असम - _______________

**ii.** केरल - _______________

**III.** तमिलनाडु - _______________

**9.** इला ने जहाँ चाह वहाँ राह कहावत कैसे सच कर दिखाई? **( 3 )**

___

___

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों को क्रमानुसार लगाकर, नीचे दी गई पंक्तियों में लिखिए।

**(i)** इला के द्वारा काढ़े गए परिधानों की प्रदर्शनी लगी।

**(ii)** उसने पैरों से सब काम करने सीखे।

**(iii)** उसका बचपन नाना के यहाँ बीता।

(i)___

___

(ii)___

___

(iii)___

___

**10.** नीचे दिए गए गलत कथनों को सही करके पुनः लिखिए। **( 4 )**

**i.**गर्मियों में नलों में पानी आने का निश्चित समय होता है ।

___

___

**ii.**आज शहरी लोग अन्य चीजों के साथ-साथ पानी नहीं खरीदते हैं।

___

___

**iii.** बाढ़ जैसी समस्या मुंबई को नहीं सताती ।

______________________________________________

______________________________________________

**iv.**तालाबों और झीलों का पानी भूमि के नीचे छिपे जल के भंडार में नहीं मिलता।

______________________________________________

______________________________________________

**अथवा**

नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग करके अपनी परिचित नदी के बारे में कम से कम पांच वाक्य लिखिए। **( 4 )**

धार, पाट, बालू, कीचड़, किनारे, बरसात में नदी

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________